p>Title: Need to provide compensation to the families affected due to cloud-burst in Uttaranchal.

**श्री महेन्द्र सिंह पाल (नैनीताल) :** अध्यक्ष जी, डीडीहाट, जिला पिथौरागढ़, उत्तरांचल में बादल फटने से 5 से ज्यादा लोगों की मृत्यु हो गई है तथा 14-15 मकान एवं भारी संख्या में जानवर बह गये हैं, जिसकी वजह से काफी नुकसान हुआ है। मेरी केन्द्र सरकार से मांग है कि इस प्राकृतिक आपदा से प्रभावित प्रत्येक परिवार को 20 लाख रुपये तथा उचित स्थान पर उनके लिए मकान तथा खेती के लिए जमीन अति-शीघ्र प्रदान की जो ताकि उन्हें जन-धन व संपत्ति का जो नुकसान हुआ है, उसकी भरपाई हो सके। साथ ही हिमाचल प्रदेश में भी जो प्राकृतिक आपदा से जन-धन का नुकसान हुआ है उसकी भी भरपाई इसके साथ की जाए। धन्य वाद।